Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to enhance railway train service for Sirsaganj in Ferozabad.

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

मैं फिरोजाबाद लोक सभा से आता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद की विधान सभा सिरसागंज में आलू प्रधान रूप से पैदा किया जाता है । यहां तकरीबन 100 कोल्ड स्टोरेज हैं, लेकिन कोल्ड स्टोरेज के व्यापारियों व अन्य व्यापारियों को दिल्ली, लखनऊ जाने के लिए कोई एक्सप्रेस गाड़ी नहीं है । विधान सभा सिरसागंज में एकमात्र कोरारा रेलवे स्टेशन है, जहां कोई एक्सप्रेस गाड़ी नहीं रुकती है । कोरारा रेलवे स्टेशन से सुबह के समय दिल्ली जाने के लिए मगध एक्सप्रेस व शाम को वापस कोरारा आने के लिए पूर्वा एक्सप्रेस चलाई जाए । इसके साथ ही टूंडला जंक्शन, जो कि अति महत्वपूर्ण स्टेशन है, इसका सौन्दर्यीकरण किया जाए, क्योंकि यह जंक्शन विदेशी सैलानियों के आने-जाने के लिए अति महत्वपूर्ण है । यहां इन ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जाए - नीलांचल, शताब्दी, महाबोधी, कैफियत, रीवा, वंदे भारत, प्रयागराज, लिच्छवी, नन्दन कानन ।

माननीय अध्यक्ष : आप बाकी विषय के संबंध में मंत्री जी से मिल लीजिएगा ।